हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 9 अगस्त 2026

06 प्रेम संबंध में महिला की हत्या आरोपी को...



10 धान की सांसें बारिश पर टिकीं, बादल बरसना...



खबर संक्षेप

पुण्यकालेश्वर महादेव की शाही सवारी आज

विदिशा। भगवान श्री पुण्यकालेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी आज रविवार को उज्जैन की तर्ज पर निकाली जाएगी। आयोजन दोपहर 12 बजे बेतवा तट स्थित बड़ वाले घाट से शुरू होगा। भगवान का अभिषेक करने के बाद सवारी रामलीला चौराहा, राजपूत कॉलोनी और अयोध्या नगर होते हुए श्री पुण्यकालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। सवारी में ढोल-नगाड़े, डमरू दल, बैंड, आकर्षक झांकियां और भक्ति संगीत प्रमुख आकर्षण रहेंगे। शिवाय मैत्री मंडल ने शिवभक्तों, मातृशक्ति, युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

झीलकुआं मंदिर से आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

विदिशा। हर साल की तरह इस वर्ष भी राजेंद्र नगर बक्सरिया स्थित झीलकुआं हनुमान मंदिर शिवालय पर भगवान भोलेनाथ का बेतवा के जल से जलाभिषेक किया जाएगा। दोपहर 12 बजे शिवालय से महिला पुरुष कांवड़ लेकर बेतवा के बड़वाले घाट पहुंचेंगे। जहां पूजा अर्चना के बाद कांवड़ में जलभरकर पदयात्रा करते हुए वापस शिवालय पहुंचेंगे। जहां शिवलिंग का वेतन के जल से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर के पुजारी राजू महाराज ने बताया कि विगत कई वर्षों से प्रतिवर्ष यह कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है।

विभाग ने मजदूरों को वेतन दिलवाया

विदिशा। सोलर पैनल इंस्टालेशन का कार्य करने वाले मजदूरों को वेतन न देने के मामले में श्रम विभाग ने शिकायत की बाद कार्रवाई की। सन मित्रा एनर्जीज कंपनी ने करीब डेढ़ माह से मजदूरों को वेतन नहीं दिया था। 5 अगस्त को शिकायत मिलने के बाद विभाग ने संबंधित पक्ष से संपर्क कर कार्रवाई की और 7 अगस्त को करीब 1.50 लाख रुपए की लंबित वेतन राशि का भुगतान कराया। इससे चंदन सिंह कुशवाह, अभिषेक अहिरवार सहित आठ मजदूरों को राहत मिली।

समापन पर उत्कृष्ट छात्राएं सम्मानित हुईं

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य बीडी अहिरवार ने मां के दूध को शिशु के लिए सर्वोत्तम प्राकृतिक आहार बताते हुए इसके शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्व पर प्रकाश डाला। सप्ताह के दौरान पोस्टर, स्लोगन, निबंध और प्रश्नमंच प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर

ग्यारसपुर। मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड ग्यारसपुर द्वारा प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत भवन मानोरा में मासिक बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने परिषद के कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने तथा प्रत्येक प्रस्फुटन समिति की नियमित बैठक और ग्राम सर्वे कराने पर जोर दिया। उद्यानिकी विभाग ने अमरूद-पपीता खेती के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

बालिकाओं के नाम रोपे गए 4740 पौधे

विदिशा। पौधरोपण बालिकाओं के नाम' अभियान के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित कार्यक्रम में करीब 4740 पौधे रोपे गए। प्रत्येक पौधे को एक बालिका के नाम समर्पित कर बेटी के सम्मान, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी निभाएंगे।

निर्माण में मनमानी: बेतवा घाट से ट्रीटमेंट प्लांट तक चल रहा पाइपलाइन का काम

नई सड़कों को खोदने की थी तैयारी, सीएमओ हुए सख्त, रुकवाया काम.. मरम्मत के निर्देश

अमृत -2 योजना के तहत हलाली बांध से फिल्टर प्लांट तक 35 किमी लंबी पाइप लाइन डालने का काम लगभग पूर्ण होने वाला है। लाइन डालने के लिए शहर की सड़कें खोदने पर नपा ने आपत्ति जताई है।



विदिशा। रामघाट जाने वाले मार्ग पर किया जा रहा था खुदाई का काम।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में अमृत-2 योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए नई बनी सड़कों की खुदाई को लेकर नगरपालिका ने सख्ती दिखाई है।

नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने नई सड़कों की खुदाई पर तत्काल रोक लगाते हुए मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही जहां पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी जा चुकी हैं वहां उनकी मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं। पाइपलाइन बिछाने के दौरान शहर में हाल ही में बनाई गई कुछ सड़कों की खुदाई किए जाने की जानकारी सामने आई थी। इसे लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी थी। लोगों का कहना था कि नई सड़क बनाने के कुछ समय बाद ही उसे खोदने से सरकारी राशि की बर्बादी के साथ सड़क की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। मामले की जानकारी मिलने के बाद नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने संबंधित कार्य को रुकवा दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई बनी सड़कों को पाइपलाइन के लिए खोदने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सड़कों की होगी मरम्मत

नगरपालिका सीएमओ ने बताया कि पाइपलाइन के लिए जिन सड़कों की खुदाई पहले ही की जा चुकी है, उनकी मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही नई सड़कों की खुदाई किन परिस्थितियों में की गई और इसके लिए किस स्तर से अनुमति मिली, इसकी भी जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हलाली बांध से विदिशा तक पाइपलाइन का काम पूरा

अमृत-2 योजना के तहत हलाली बांध से विदिशा तक पेयजल पाइपलाइन पहुंचाने का काम पूरा हो चुका है। अब बेतवा घाट से ट्रीटमेंट प्लांट तक पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रामलीला चौराहे के पास पाइपलाइन को आगे के मार्ग से जोड़ने का काम किया गया। ट्रीटमेंट प्लांट तक पाइपलाइन पहुंचने के बाद योजना के अगले चरण का काम शुरू किया जाएगा। नगरपालिका प्रशासन के सामने अब चुनौती यह है कि अमृत-2 योजना का काम भी समय पर पूरा हो और इसके लिए नई बनी सड़कों को नुकसान भी न पहुंचे। सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर के आदेश के बाद पाइपलाइन बिछाने वाली एजेंसी और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होने की संभावना है।

हाईवे पर आमने-सामने भिड़े आयशर और स्कॉर्पियो, 5 घायल, 2 युवकों को सिर फूटे

घायलों को 108 एंबुलेंस से विदिशा के मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया



ग्यारसपुर। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

नेशनल हाईवे-146 पर ग्राम पीपलखेड़ी के पास शुक्रवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच सागर की ओर से आ रही स्कॉर्पियो और विदिशा की तरफ से आ रहे आयशर ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में स्कॉर्पियो सवार पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे में सुरेंद्र साहू पुत्र पप्पू साहू उम्र 24 वर्ष और अमित लोधी पुत्र लक्ष्मण लोधी उम्र 25 वर्ष के सिर में गंभीर चोटें बताई गई हैं। वहीं अनुज लोधी पुत्र कमल सिंह लोधी उम्र 27 वर्ष, अनिल लोधी पुत्र उधम सिंह लोधी उम्र 35 वर्ष तथा चंद्रेश चिड़ार पुत्र नाथूराम चिड़ार उम्र 17 वर्ष भी घायल हुए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी लखन लोधी एवं पायलट नरेश कुशवाह की सहायता से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज विदिशा पहुंचाया गया, जहां घायलों का उपचार जारी है।

रायपुरा की चोरी का खुलासा, फ्रिज, कूलर और मिक्सर बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। कोतवाली पुलिस ने रायपुरा में सूने मकान से सामान चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया फ्रिज, कूलर और मिक्सर ग्राइंडर सहित करीब 15 हजार रुपए कीमत का माल बरामद किया है। 23 जुलाई को तोपपुरा निवासी राज नारायण यादव निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की रायपुरा स्थित मकान में चोरी हो गई। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बक्सरिया मोहल्ला निवासी दीपक रैकवार उम्र 21 साल, मोनू रैकवार उम्र 20 और साजिद खान उम्र 30 निवासी राजेंद्र नगर बक्सरिया को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर पूरा सामान बरामद किया गया।

नटेरन में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

विदिशा। नटेरन में शुक्रवार रात 30 वर्षीय युवक अजय सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे पर देखा तो तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद शव को मर्चुरी में रखवाया गया। शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

53 पदकों के साथ ओलंपस हाई स्कूल बना जिला स्तरीय तैराकी का चैंपियन

ओलंपस स्कूल के 24 तैराकों का हुआ संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



ओलंपस हाई स्कूल में एसजीएफआई जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ओलंपस के खिलाड़ियों ने 23 स्वर्ण, 19 रजत, 11 कांस्य कुल 53 पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता के दौरान अंडर-17 बालक वर्ग में एकम सिंह, बालिका वर्ग में सिद्धि शाह, अंडर-19 बालक वर्ग में अभिनव शुक्ला, बालिका वर्ग में पूजा शर्मा तथा अंडर-14 बालक वर्ग में प्रतीक रघुवंशी बेस्ट स्विमर रहे। स्कूल के 24 तैराकों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन में स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के हेड एवं मैनेजर गुंजन सक्सेना, हेड स्विमिंग कोच रमेश शुक्ला, असिस्टेंट स्विमिंग कोच निकिता वर्मा की भूमिका रही। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने कहा कि यह सब टीमवर्क, समर्पण और बेहतर समन्वय का परिणाम है। डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। स्कूल प्राचार्या प्रियंका सिंह ने बताया कि 53 पदकों के साथ मिली यह उपलब्धि ओलंपस हाई स्कूल के लिए गौरव का विषय है।

टीन के टपरे में अंतिम संस्कार: गांव में मुक्तिधाम के लिए जमीन है पर विवादों में घिरी, इसलिए नहीं हो पा रहा शमशान का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। कराखेड़ी में अब तक नहीं बना पक्का मुक्तिधाम, खुले मैदान में अंतिम संस्कार को मजबूर ग्रामीण।

विदिशा-सागर मार्ग पर विदिशा शहर से मात्र 10 किमी दूर पर स्थित कराखेड़ी गांव में बारिश के मौसम में टीन का टपरा बनाकर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है।

गांव में पक्का मुक्तिधाम नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई दशकों से गांव के लोग खुले मैदान में पेड़ों के नीचे दाह संस्कार करते आ रहे हैं। रविवार को एक बुजुर्ग के निधन के बाद ग्रामीणों ने गांव से करीब एक किलोमीटर दूर अस्थायी टीन शेड तैयार कर अंतिम संस्कार किया गया। बारिश के मौसम में यहां सबसे अधिक दिक्कत होती है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में मुक्तिधाम के लिए जमीन उपलब्ध है, लेकिन वह विवादों में घिरी होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इसका निराकरण कर स्थाई समाधान करने की मांग की है।

हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित



विदिशा। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए मैदान में मौजूद चारों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट संतोष शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद के चारों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह प्रदान किए गए हैं। इनमें सरदार रघुवंशी को शंख, मिथिलेश दांगी को वीणा, रामराज दांगी को गरुड़ घंटी तथा भूपेंद्र रघुवंशी को बांसुरी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद अब प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव चिन्ह के आधार पर मतदाताओं से समर्थन और वोट की अपील कर सकेंगे। सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए 16 अगस्त को मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतदान के बाद इसी दिन अध्यक्ष पद के विजेता प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी।

मानव सेवा न्यास में बुजुर्गों की सेवा कर योगेंद्र सिंह राणा ने ली अपना घर आश्रम की आजीवन सदस्यता

विदिशा। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर योगेंद्र सिंह राणा अपना घर आश्रम में प्रभुजनों के बीच पहुंचे। शनिवार दोपहर 12 बजे वे परिजनों एवं लायंस ऑफ विदिशा के विभिन्न क्लबों के सदस्यों के साथ आश्रम में रह रहे निराश्रितों को भोजन कराया। आश्रम में वर्तमान में 125 मानसिक रूप से दिव्यांग, असहाय, अनाथ एवं बेसहारा प्रभुजन आश्रय पा रहे हैं। सेवा एवं उपचार के बाद स्वस्थ हुए 85 लोगों को परिजनों तक पहुंचाया जा चुका है। आश्रम की व्यवस्थाओं को देखकर राणा प्रभावित हुए और उन्होंने सेवा कार्य से जुड़ने की इच्छा जताते हुए आजीवन सदस्यता ली। इस दौरान लायंस क्लब विदिशा मैन के अध्यक्ष बीपी सिंह ने भी आजीवन सदस्यता ली। इस दौरान अजय साहू, सीएल गोयल, राजकुमार सराफ, जीएस चौहान, अरुण सोनी, रामस्वरूप शर्मा, रवि साहू, मीनल राणा, शालिनी भार्गव, सुचिता सोनी, मंजू पांडे, मिथलेश साहू आदि मौजूद रहे।



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के 45वें स्थापना दिवस में शामिल होने विदिशा के व्यापारी दिल्ली हुए रवाना

विदिशा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 45वां स्थापना दिवस 9 अगस्त को दिल्ली में आयोजित होगा। व्यापारी संसद में देशभर के वरिष्ठ व्यापारी शामिल होकर ई-कॉमर्स, बड़े मॉल की बढ़ती संस्कृति तथा खुदरा व्यापार से जुड़ी समस्याओं पर मंथन करेंगे और केंद्र सरकार के समक्ष व्यापारियों का पक्ष रखेंगे। मध्यप्रदेश का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में सदन एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना हुआ।



विदिशा से संजीव जैन वर्धमान, शशि उदयवाल, मनीष जैन, गौरव जैन परख, दीपक डेमला, धर्मेंद्र किरार, मौसम बलेचा, आनंद लखेरा, जमील भाई, फेमिट भाई व सुरेंद्र रघुवंशी सहित अनेक व्यापारी शामिल हैं। जबलपुर, गंजबासौदा और गुलाबगंज से भी वरिष्ठ पदाधिकारी रवाना हुए।

विधानसभावार कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक हुई

विदिशा। जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के 12 ब्लॉक, 17 उपब्लॉक एवं 6 नगर अध्यक्षों की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान सभी ब्लॉक अध्यक्षों से ब्लॉक पदाधिकारियों, मंडलम पदाधिकारियों, मंडलम अध्यक्षों एवं पंचायत कमेटी अध्यक्षों की संगठनात्मक स्थिति की जानकारी ली गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने विधानसभा वार संगठन की स्थिति की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने बताया कि बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए आपसी समन्वय के साथ सक्रियता से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान कांग्रेस संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



केंद्रीय संस्कृति मंत्री और मप्र प्रदेश के संस्कृति मंत्री से की मांग

नागपंचमी पर खुलें विजय मंदिर के कपाट, श्रद्धालुओं को मिले पूजन का अवसर, विधायक टंडन ने संस्कृति मंत्री को लिखा पत्र

- सुरक्षा एवं स्मारक संरक्षण की पुख्ता व्यवस्था करने की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के विजय मंदिर (बीजामंडल) को आगामी नागपंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं के पूजन-अर्चन के लिए खोले जाने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को मांग पत्र सौंपा है। विधायक ने मांग की है कि आस्था और पुरातात्विक संरक्षण, दोनों का सम्मान करते हुए नागपंचमी के दिन सीमित समय के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाए।

विधायक टंडन ने मांग पत्र में कहा कि विजय मंदिर विदिशा की धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है तथा वर्तमान में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई के संरक्षण में है। नागपंचमी के अवसर पर यहां पूजा-अर्चना की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। हालांकि वर्तमान में मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला लगा होने के कारण श्रद्धालुओं को बाहर से ही पूजा करनी पड़ती है। विधायक टंडन ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और प्रदेश सरकार इस विषय में संवेदनशीलता के साथ पहल करेंगी और विदिशा की धार्मिक आस्था तथा ऐतिहासिक विरासत, दोनों का सम्मान करने वाला सकारात्मक समाधान निकलेगा।


सीमित समय के लिए ताला खोलने की मांग



विधायक टंडन ने मांग की है कि नागपंचमी के दिन विजय मंदिर को निर्धारित समय के लिए खोला जाए। एएसआई की निगरानी में सीमित संख्या में श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाए। उन्होंने ने विजय मंदिर के स्वरूप और वर्तमान पहचान को लेकर लंबे समय से चली आ रही चर्चा के स्थायी समाधान की भी मांग की। उन्होंने ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक अभिलेखों की विशेषज्ञ समिति से समीक्षा कराकर वस्तुस्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया, ताकि पूजा की अनुमति को लेकर स्थायी व्यवस्था बनाई जा सके।

खबर संक्षेप

पुरानी मंडी के गोदाम से बारदाना किया चोरी



गंजबासौदा। त्योंदा रोड स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी के गोदाम में चोरी की घटना सामने आई है। जिसका एक वीडियो वायरल हुआ है, वायरल वीडियो में कुछ लोग गोदाम की छत पर चढ़कर, जीने के दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखा पुराना बारदाना चोरी करते नजर आ रहे हैं। नागरिकों ने पुलिस से अपील है कि वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए।

मेंटेनेंस के कारण आज बिजली प्रदाय रहेगा बंद



गंजबासौदा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रविवार को 33 केव्ही कन्जना फीडर पर मेंटेनेंस कार्य हेतु सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। मेंटेनेंस कार्य के कारण कंजना पठार, ड्रीम सिटी, हथौड़ा क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

हल्की बारिश हुई



गंजबासौदा। विगत तीन दिनों से इलाके में बारिश का सिलसिला पुनः शुरु हो गया है। शनिवार को रात्रि के समय एवं दोपहर हल्की बारिश हुई। विगत दिनों हो रही बारिश से किसानों और नागरिकों को राहत मिल रही है। गत दिवस नगर में हुई 6.4 मिमी बारिश को मिलाकर इलाके में अभी तक 583.4 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में 652.3 मिमी पानी बरस चुका था।इस लिहाज से अभी गत वर्ष की तुलना में कम ही बारिश हुई है। उधर बीती रात और शनिवार की दोपहर पारासरी नदी के जलभराव क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश से नदी का जलस्तर काफी बढ गया। वहीं केवटन सहित अन्य नदी नालों एवं जलाशयों के जलस्तर में भी अब बढोत्तरी होने लगी है। हांलाकि मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश के पूर्वानुमान जताए हैं। जिससे उम्मीद की जा रही है कि जलाशयों में उम्मीद के अनुरूप पर्याप्त पानी संचित हो सकेगा।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



आगामी 12 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया जाना है। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्रम्य लिखत अधिनियम की धारा 136 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले एमसीटी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शनिवार को विभागों के अधिकारीगण की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता अवधेश कुमार गुप्ता तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा की गई। जिसमें हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश बासौदा, राकेश कुमार ठाकुर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीत बासौदा, जफर इकबाल तृतीय जिला न्यायाधीश बासौदा, पूजा गोले तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बासौदा, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बासौदा सहित शहर थाना, देहात थाना सहित आसपास के तहसीलों के थाना प्रभारी एवं एसआई, प्रधान आरक्षक एवं नगरपालिका, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, बैंको के अधिकारीगण एवं अधिवक्ता गण उपस्थित हुए। आयोजित बैठक में उपस्थित बैंको को अधिवक्ता एवं नगरपालिका विद्युत विभाग एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारीगण से अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर नोटिस जारी किये जाने एवं अपने अपने स्तर पर लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके एवं उपस्थित थाना प्रभारियों को न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों में जारी नोटिसों की तामीली कराये जाने के संबंध में निर्देश दिया गया। साथ ही विद्युत विभाग से उपस्थित अधिकारी से चिन्हित प्रकरणों के संबंध जानकारी ली गयी एवं अधिक से अधिक प्रकरणों में नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि अधिक प्रकरण सुलझाए जा सकें।

उपेन्द्र सिंह कोषालय अधिकारी के पद पर चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के उपेंद्र सिंह राजपूत पुत्र छोटेलाल राजपूत का मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से वित्त विभाग में सहायक कोषालय अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि युवा इंजीनियर उपेंद्र शिष्ट एवं अनुशासन प्रिय विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने अभाविप में बड़े दायित्व पर रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। स्कूल, कॉलेजों में उनके नेतृत्व में एक ऊर्जावान छात्र शक्ति का निर्माण हुआ था। उपेन्द्र राजपूत की नियुक्ति पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ संभाग भोपाल के परसराम दुबे सहित परिजनों, इष्टमित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जिला स्तरीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हायर सेकंडरी स्कूल में शनिवार को 70 वीं जिला स्तरीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विदिशा एवं गंज बासौदा की टीमों ने सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया विशेष अतिथि के रूप में, विकास खण्ड बासौदा के खेल प्रभारी स्वतंत्र जैन, नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य संदीप रावत एवं डॉल्फिन स्कूल के प्राचार्य संदीप जेटली उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता साकेत शिशु रंजन विदिशा के खेल शिक्षक शुभम सेन ने की। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अशोक जैन, पंकज जैन, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना, खेल शिक्षक साईं दांगी सहित अनेक छात्र, छात्राएं, अभिभावक उपस्थित रहे।

छह साल पुराने मामले में न्यायाधीश ने सुनाई सजा, लगाया अर्थदंड

प्रेम संबंध में महिला की हत्या आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



ग्राम महोली में प्रेम संबंध के विवाद में महिला की हत्या के 6 साल पुराने मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया है। द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने आरोपी इंदर उर्फ इन्द्राज सिंह को भादंवि की धारा 302 में आजीवन कारावास और 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। उसे धारा 201 और 379 में भी दोषी पाया गया।

अभियोजन के अनुसार दिनांक 30.11.2020 को ग्राम महोली निवासी लखन ने थाना नटेरन में सूचना दी थी कि उसकी मां रतिबाई घर से लापता है। तलाश के दौरान पुलिस ने ग्राम महोली में इंदर सिंह के घर के पीछे खेड़ा के गड्ढे में रतिबाई का शव बरामद किया। शव के हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। शव पर कचरा और खजूर की टहनियां डाली गई थीं। मृतिका की नाक की सोने की लौंग और गले की चांदी की चेन भी गायब थी। पुलिस जांच में सामने आया कि ग्राम महोली निवासी आरोपी इंदर उर्फ इंद्राज गांव में ही मृतका के घर के पास रहता था। घटना से करीब चार माह पूर्व इंद्राज का उसकी पत्नी से विवाद हो गया था और वह अपने बच्चे को लेकर अपने मायके रिनिया चली गई थी। जबकि इंद्राज अपनी मां के साथ महोली में ही रह रहा था। इस बीच उसका मृतका के परिवार से अच्छे संबंध थे और उनका एक दूसरे के घरों में आना जाना भी था। मृतका का पति, बेटा, बहू भी थे। घटना वाले दिन 29.11.2020 को इंद्राज की मां सहित गांव के अधिकांश लोग सिरोंज देवपुर दर्शन करने गए थे। शाम करीब 4:30 बजे आरोपी पानी भरने जा रही रतिबाई को जबरन पकड़कर अपने घर ले गया। वहां रुपये को लेकर विवाद हुआ और आरोपी ने गला दबाकर रतिबाई की हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए उसने शाम को शव को घर के पीछे गड्ढे में फेंककर ऊपर से कचरा डाल दिया और जेवर निकाल लिए।

इस विवेचना के बाद पुलिस ने धारा 302, 201, 379 भादंवि के तहत मामला दर्ज कर आरोपी का गिरफ्तार कर लिया और उक्त मामले को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। न्यायालय में चले इस प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहौरी द्वारा की गई। न्यायालय हरप्रसाद वंशकार ने सभी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी इंद्राज को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर की जा रही रिहर्सल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को दोपहर के समय आगामी 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए परेड का सामूहिक अभ्यास शुरू हो गया है। इसमें विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। परेड को त्रुटिरहित बनाने के लिए नियमित अभ्यास किया जा रहा है। 12 और 13 अगस्त को लाल परेड ग्राउंड पर अंतिम रिहर्सल होगी। स्वतंत्रता दिवस पर परेड के साथ-साथ अन्य सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की जिम्मेदारी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दी गई है। इन तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम भव्य हो सके। विद्यालय स्तर पर भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की कलेक्टर ने की विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत गत दिवस विकासखंड की 26 ग्राम पंचायतों में किए गए स्थलीय निरीक्षण तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों की कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में बैठक आयोजित कर व्हीसी के माध्यम से खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया और विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के साथ-साथ शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का परीक्षण करना है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत 1058 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें से 859 आवेदनों का संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा निराकरण कर दिया गया है जबकि 199 आवेदन शेष है। त्योंदा एवं घटेरा क्षेत्र की 26 ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में 973 आवेदक आए। आवेदकों द्वारा प्रमुख रूप से आवास, नल-जल योजना, पेयजल, शौचालय, पीएम किसान योजना, अवैध कब्जे, स्कूल भवनों की मरम्मत, नालियों की सफाई तथा सड़कों पर गाय एवं गौवंश के विचरण से संबंधित समस्याएं रखी गईं।

विश्व आदिवासी दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में अनुसूचित जाति जनजाति सीनियर कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जफर इकबाल तृतीय व्यवहार न्यायाधीश गंजबासौदा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए साइबर अपराध एवं बचाव, लैंगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, निः शुल्क विधिक सहायता, शिक्षा का अधिकार संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में छात्रावास अधीक्षिका मनीषा शर्मा, पीएलवी आरती कुशवाह, पीएलवी सुनील राजपूत, सहित छात्रावास की बालिकाएँ उपस्थित थीं।

बगैर रिकॉर्ड के नगर में दौड़ रहे सैकड़ों ई-ऑटो

गंजबासौदा। नगर की सड़कों पर लगातार ई रिक्शा ऑटो की संख्या बढ़ रही है। इन सैकड़ों ई-रिक्शा और चालकों का नपा और यातायात पुलिस के पास कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। इन सैकड़ों ई-रिक्शा और चालकों का नपा और यातायात पुलिस के पास कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। किसी भी आपात स्थिति में वाहन चालक या मालिक की पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

कथा के दौरान कथावाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने सुनाया बालक उपमन्यु का प्रसंग

भक्ति की असली परीक्षा वरदान में नहीं, विश्वास में होती है: भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



भक्ति तब आसान होती है, जब मन की इच्छा पूरी हो रही हो, लेकिन उसकी असली परीक्षा तब होती है, जब सामने परीक्षा खड़ी हो और आराध्य के प्रति विश्वास डगमगाने लगे। बालक उपमन्यु का प्रसंग इसी अटूट विश्वास की कहानी है। दूध पाने की इच्छा से शुरू हुई उसकी साधना उस मुकाम तक पहुंची, जहां भगवान शिव ने स्वयं प्रकट होकर उसे क्षीरसागर के समान दूध सहित अनेक दिव्य वरदान दिए।

श्रावण मास में श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव में कथा वाचक पं. धर्मेंद्र भार्गव ने यह प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त की परीक्षा इसलिए नहीं लेते कि उसकी भक्ति को तोड़ दें, बल्कि इसलिए लेते हैं ताकि उसकी निष्ठा और अधिक दृढ़ हो जाए। उपमन्यु का चरित्र बताता है कि सच्ची श्रद्धा परिस्थितियों के साथ बदलती नहीं है। पं. भार्गव ने बताया कि बालक उपमन्यु अपनी माता के साथ मामा के घर रहता था। एक दिन उसे दूध पीने की इच्छा हुई। घर में वास्तविक दूध उपलब्ध नहीं था, इसलिए माता ने किसी प्रकार कृत्रिम दूध बनाकर उसे दे दिया। दूध का स्वाद उसे पसंद नहीं आया और उसने मां से असली दूध मांगा। माता ने उसे समझाया कि उनके लिए वास्तविक दूध सहज उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा से ही ऐसी इच्छा पूरी हो सकती है। मां की यह बात उपमन्यु के मन में उतर गई। उसने शिकायत या निराशा का रास्ता नहीं चुना, बल्कि भगवान शिव को प्रसन्न करने का संकल्प ले लिया। मिट्टी का शिवलिंग बनाया, 'ॐ नमः शिवाय' का जाप किया। उपमन्यु हिमालय की ओर चला गया। वहां उसने मिट्टी का शिवलिंग स्थापित किया और पंचाक्षर मंत्र 'ॐ नमः शिवाय' का जाप करते हुए भगवान शिव की कठोर तपस्या शुरू कर दी। बालक की साधना में ऐसी दृढ़ता थी कि उसकी तपस्या का प्रभाव तीनों लोकों तक पहुंचने लगा। उसकी भक्ति से प्रसन्न होने से पहले भगवान शिव ने उसकी निष्ठा की परीक्षा लेने का निर्णय किया। भगवान शिव ने इन्द्र का रूप धारण किया और उपमन्यु के सामने प्रकट हुए। उन्होंने उसकी तपस्या से प्रसन्न होने की बात कहते हुए वरदान मांगने को कहा। लेकिन जब उपमन्यु ने भगवान शिव के प्रति अपनी अनन्य भक्ति व्यक्त की तो इन्द्र रूपधारी शिव ने स्वयं भगवान शिव के बारे में अपमानजनक बातें कहीं। उपमन्यु अपने आराध्य की निंदा सहन नहीं कर सका। उसने इन्द्र के रूप में आए व्यक्ति के किसी भी वरदान को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। उसके लिए अपने आराध्य का सम्मान किसी भी वरदान से बड़ा था। उपमन्यु की इस अटूट निष्ठा से भगवान शिव प्रसन्न हो गए। इन्द्र का रूप समाप्त हुआ और भगवान शिव माता पार्वती के साथ अपने वास्तविक दिव्य स्वरूप में उसके सामने प्रकट हुए। उपमन्यु को दर्शन देकर भगवान ने उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर अनेक दिव्य वरदान दिए। भगवान शिव ने उसे क्षीरसागर के समान दूध, अक्षय यौवन, अमरत्व, यश, ज्ञान, तेज और अटूट शिवभक्ति का वरदान दिया। साथ ही उसे पुत्रवत स्नेह प्रदान किया। पं. धर्मेंद्र भार्गव ने कहा कि उपमन्यु की साधना का सबसे बड़ा संदेश यही है कि भगवान से जुड़ने के बाद भक्त की इच्छा धीरे-धीरे आस्था में बदल जाती है। उपमन्यु की शुरुआत दूध की चाह से हुई थी, लेकिन तपस्या करते-करते उसकी प्राथमिकता भगवान शिव की भक्ति बन गई। उन्होंने कहा कि भक्ति का मूल्य इस बात से तय नहीं होता कि भक्त को कितने वरदान मिले, बल्कि इससे तय होता है कि परीक्षा की घड़ी में उसका विश्वास कितना अडिग रहा। यही उसकी भक्ति की सबसे बड़ी पहचान बनी।

जिला स्तरीय पर्यटन क्विज में सेंट एसआरएस रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



जिला स्तरीय एमपी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल की टीम ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है।

इस शानदार जीत के साथ ही स्कूल की तीन सदस्यीय टीम का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है। इस बार प्रतियोगिता में विदिशा जिले से कुल 117 टीमों ने भाग लिया था। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी। पहल लिखित परीक्षा और दूसरा मल्टीमीडिया राउंड। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा के आधार पर 117 टीमों में से 6 टीमों को मल्टीमीडिया राउंड के लिए चुना गया।

इसके बाद आयोजित रोमांचक मल्टीमीडिया राउंड में सैण्ट एस.आर.एस. की टीम ने 210 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल की ओर से मनीष कुमार विश्वकर्मा (कक्षा 11वीं), गौरी सिंह दांगी (कक्षा 9वीं) और राघवेंद्र शर्मा (कक्षा 10वीं) ने भाग लिया। तीनों विद्यार्थियों ने अपने तीक्ष्ण ज्ञान और सटीक उत्तरों के बल पर जिले भर की टीमों को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि के तहत चयनित विद्यार्थियों एवं टीम को 3 दिन और 2 रात का विशेष शैक्षणिक टूर (यात्रा) भी प्रदान किया जा रहा है, जिसमें वे प्रदेश भर के प्रमुख पर्यटन, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक केंद्रों का भ्रमण करेंगे। उल्लेखनीय है कि सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल ने लगातार तीसरी बार जिला स्तरीय एम.पी. पर्यटन क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की की है। स्कूल की इस निरंतर सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



351 फीट लंबी भव्य चुनरी यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ करीला धाम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

श्रावण मास के पावन अवसर पर ग्राम जैतपुर से 351 फीट लंबी भव्य चुनरी यात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ करीला धाम स्थित माता जानकी दरबार के लिए निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु, माताएं, बहनें एवं युवा शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन होकर आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों और माता जानकी के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु अपने हाथों में 351 फीट लंबी चुनरी लेकर जयकारों के बीच करीला धाम की ओर बढ़ते रहे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर एवं जलपान की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। करीला धाम पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से माता जानकी के चरणों में 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली, अच्छी वर्षा तथा समस्त ग्रामवासियों के मंगलमय जीवन की कामना की। यात्रा के संबंध में अभिषेक भार्गव ने बताया कि ग्राम जैतपुर से श्रावण माह में यह चुनरी यात्रा कई वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है। प्रत्येक वर्ष ग्रामीणों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिलता है और बड़ी संख्या में माताएं, बहनें एवं श्रद्धालु इसमें सहभागिता करते हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा अब ग्राम की आस्था, श्रद्धा, एकता और सनातन संस्कृति का प्रतीक बन चुकी है। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर इस भव्य चुनरी यात्रा ने जैतपुर से करीला धाम तक पूरे मार्ग को धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण से भर दिया।

- ग्राम जैतपुर से निकली यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल, माता जानकी के दरबार में अर्पित की चुनरी।

केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने लिखा एक पत्र वीर जवानों के नाम

सीमा पर तैनात वीर जवानों तक पहुंचेगी नन्हें देशभक्तों के दिल की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की अनूठी मिसाल पेश करते हुए केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के नाम भावनाओं से भरे पत्र लिखे। विद्यालय में एक पत्र वीर जवानों के नाम अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने अपने मन की भावनाओं, सैनिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और देशप्रेम को शब्दों के माध्यम से कागज पर उतारा। अभियान के दौरान विद्यालय का वातावरण पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पत्र लिखकर देश की रक्षा में दिन-रात सीमा पर तैनात जवानों को अपना संदेश भेजा। इन पत्रों में बच्चों ने सैनिकों को देश की शान बताते हुए उनकी वीरता, साहस, त्याग और समर्पण को नमन किया। नन्हे हाथों से लिखे गए इन पत्रों में शब्द भले ही छोटे थे, लेकिन उनमें देश के वीर सपूतों के प्रति भावनाएं बेहद गहरी और भावुक करने वाली थीं।

स्वतंत्रता दिवस के मायने समझाने का प्रयास

इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर श्वेता आनंद त्यागी ने बताया कि एक पत्र वीर जवानों के नाम अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ उन्हें स्वतंत्रता के वास्तविक महत्व से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह उन वीर जवानों को याद करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी दिन है, जो देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा लिखे गए ये पत्र केवल कागज पर लिखे शब्द नहीं हैं, बल्कि वीर जवानों के प्रति नन्हे हृदयों की सच्ची श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता हैं। जब ये पत्र देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक पहुंचेंगे, तो उन्हें इन मासूम भावनाओं में देशवासियों का प्यार और सम्मान महसूस होगा।



बच्चों ने कागज पर उकेरी देशप्रेम की भावनाएं

विद्यार्थियों ने अपने पत्रों में सैनिकों को संदेश देते हुए लिखा कि आज देशवासी अपने घरों में सुरक्षित जीवन इसलिए जी पा रहे हैं, क्योंकि हमारे वीर जवान कठिन परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी से डटे हुए हैं। बच्चों ने सैनिकों के साहस को अपने जीवन के लिए प्रेरणा बताते हुए उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

सिरोंज से सीमाओं तक जाएगा देशप्रेम का संदेश

इस अभियान की प्रभारी शिक्षिका राधिका विश्वकर्मा की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बच्चों को सैनिकों के जीवन, उनके संघर्ष और देश की सुरक्षा में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने के लिए प्रेरित किया। एक पत्र वीर जवानों के नाम अभियान के माध्यम से अब इन नन्हे देशभक्तों की भावनाओं की यात्रा सिरोंज से देश की सीमाओं तक होगी। उम्मीद है कि जब ये पत्र वीर जवानों के हाथों में पहुंचेंगे तो उन्हें इन मासूम शब्दों में देश के करोड़ों नागरिकों का प्यार, सम्मान और आभार महसूस होगा। यह पहल न केवल विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाली है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को यह संदेश भी देती है कि देश के वीर जवानों का सम्मान करना और उनके त्याग को याद रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से गूंजा विद्यालय

वहीं अभियान के दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति का उत्साह देखते ही बना। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पत्र लिखे और वीर जवानों के सम्मान में भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयघोष किए। इस दौरान विद्यार्थियों ने सैनिकों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि बच्चों द्वारा तैयार किए गए पत्रों को जल्द ही देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

इन छात्रों ने लिखे यह संदेश...

- पार्थ शुक्ला ने लिखा कि हमारे वीर जवान देश की शान हैं और हमें उन पर हमेशा गर्व रहेगा।
- रमन ने सैनिकों के प्रति भाव व्यक्त करते हुए कहा कि आप सीमा पर डटे हैं, तभी हम अपने घरों में सुरक्षित हैं।
- वेदांस गौर ने लिखा कि सैनिकों का साहस और देशप्रेम सभी के लिए प्रेरणा है।
- युवराज सोनी ने वीर जवानों को दिल से नमन करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।
- आराध्या दाँगी ने लिखा कि सैनिकों की बहादुरी के कारण ही हमारा तिरंगा गर्व से लहराता है।
- तेजस्वनी कुशवाह ने देश की रक्षा के लिए सैनिकों के समर्पण को पूरे देश के लिए गर्व की बात बताया।
- उमा शर्मा ने लिखा कि जवान सीमा पर जागते हैं, इसलिए पूरा देश चैन की नींद सोता है।
- वैभव साहू ने सैनिकों के साहस को देश के लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा बताया।
- कामेश साहू ने भारत माता के वीर सपूतों को दिल से सलाम और कोटि-कोटि नमन किया।
- मोहिनी दाँगी ने सैनिकों के त्याग और समर्पण को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बताया।
- काव्या रघुवंशी ने लिखा कि हमारे लिए सबसे बड़े हीरो देश के वीर सैनिक हैं।

विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ ने ली स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की शपथ

स्वदेशी अपनाने से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत सनराइज कॉन्वेंट हाई स्कूल, सियलपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त विद्यालय स्टाफ को देश में निर्मित वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा विदेशी उत्पादों की अपेक्षा स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना केवल खरीदारी का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण से जुड़ा संकल्प है। जब देशवासी भारत में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देंगे तो इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा तथा छोटे-बड़े उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार से रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर बढ़ने किया प्रेरित

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को केवल नौकरी प्राप्त करने की मानसिकता तक सीमित न रहने, बल्कि भविष्य में उद्यमी बनने और स्वयं के साथ दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। यदि युवा शिक्षा के साथ कौशल, नवाचार और उद्यमिता को अपनाएं तो आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और परिवार तथा समाज के अन्य लोगों को भी भारतीय उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना को जन-जन तक पहुंचाकर देश के स्थानीय कारीगरों, लघु उद्योगों, व्यापारियों और उत्पादकों को मजबूत किया जा सकता है।

विद्यार्थियों ने लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने, भारत में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देने, विदेशी वस्तुओं का अनावश्यक उपयोग नहीं करने तथा स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने कहा कि देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दिया जा सकता है। इस मौके पर आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना है। युवा पीढ़ी को देश की आर्थिक मजबूती से जोड़ने और उन्हें भारतीय उत्पादों के महत्व से अवगत कराने की दिशा में ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चरण सिंह रघुवंशी, किशोर बघेल, समाजसेवी लालाराम विश्वकर्मा, विद्यालय प्रबंधक एवं प्राचार्य नीलेश प्रजापति तथा इंसाफ खान सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और स्वावलंबी भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा की हुई बैठक

जिला अध्यक्षों ने की संगठन विस्तार एवं पदाधिकारी चयन पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भाजपा कार्यालय शिवाजी सेवा सदन में भाजपा महिला मोर्चा एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा चौहान एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी भाजपा के सह जिला कोषाध्यक्ष अवनीश पालीवाल की विशेष उपस्थिति रही।

संगठन विस्तार पर चर्चा

भाजपा के दो मोर्चा अध्यक्षों द्वारा प्रदेश नेतृत्व की निर्देशानुसार संगठन विस्तार सक्रियता मंडल स्तर के पदाधिकारी के चयन के लिए कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। संगठन में मंडल स्तर पर पदाधिकारी की जिम्मेदारी संभालने स्वयं कार्यकर्ता आगे जाकर संगठन विस्तार का कार्य करने की इच्छा व्यक्त की जाए। इसी उद्देश्य को लेकर बैठक में महिला मोर्चा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं से चर्चा की, जिसमें कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।


भगदेही में खजुराहो शैली का प्राचीन मंदिर, सूर्य करता है 'शिवाभिषेक'

तालाब किनारे पत्थर पर जामवंत जी के पद चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

विंध्याचल पर्वत की तलहटी में तहसील के दो ग्राम भागदेही और जामगढ़ महाभारत कालीन माने जाते हैं। भगदेही में खजुराहो शैली का प्राचीन पाषाण शिव मंदिर में विराजे शिवलिंग का सुबह सूर्य की किरणें सबसे पहले अभिषेक करती है। वहीं जामगढ़ में जामवंत की ऐतिहासिक गुफा और तालाब के किनारे पत्थर पर पद चिन्ह और बीजक आज भी पुरातत्व इतिहास की धरोहर बने हुए हैं।

सूर्य किरने करती हैं अभिषेक: ऐसा कहा जाता है कि खजुराहो शैली के पाषाण शिव मंदिर का निर्माण जामबंत द्वारा किया गया। वह नगन अवस्था में मंदिर का निर्माण करते थे इसी कारण उन्होंने अपनी बहन से कह रखा था कि जब भी आए घंटा बजाकर आना बहन बिना घंटा बजाए पहुंची तो जामबंत जी ने छलांग लगा दी तालाब के किनारे उन्हीं के पत्थरों पर पद चिन्ह आज भी बने हुए हैं। मंदिर का शिखर अधूरा रह गया सदियों बाद भी मंदिर अपनी नक्काशी पत्थरों के जोड़ और पुरातत्व वैभव का इतिहास बना हुआ है। मंदिर में स्थापित शिवलिंग की सूर्य किरने सबसे पहले अभिषेक करती है।



शिवभक्तों की भीड़

सावन के महीना और सोमवार को अन्य ग्रामों से आए शिव भक्तों द्वारा भगवान शंकर का अभिषेक पूजन किया जाता है। शिव की भक्ति आराधना का प्रमुख श्रद्धा केंद्र भगदेही का प्राचीन मंदिर बना हुआ है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की कलेक्टर ने की समीक्षा

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत गंजबासौदा विकासखंड की 26 ग्राम पंचायतों में किए गए स्थलीय निरीक्षण एवं जनसंवाद कार्यक्रमों की कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में समीक्षा की। बैठक में नोडल अधिकारियों के कार्यों की जानकारी ली गई तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खंड स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया गया। अभियान के तहत कुल 1058 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 859 का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 199 आवेदन लंबित हैं। कलेक्टर ने शेष आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। 26 ग्राम पंचायतों में 973 आवेदक पहुंचे। प्रमुख समस्याओं में आवास, नल-जल, पेयजल, शौचालय, पीएम किसान, अतिक्रमण, स्कूल भवन मरम्मत, नालियों की सफाई और सड़कों पर गोवंश से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। अभियान के तहत 488 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण किया गया, जबकि लोक सेवा गारंटी के 158 प्रकरण भी निपटाए गए।

Accredited by NAAC
With "B" Grade
Phone & Fax: 07592-234553
E-mail: heggcvid@mp.gov.in

कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक / 2895 /26 विदिशा दिनांक 08/08/2026

।। निविदा प्रकाशन ।।

महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास सामग्री कय करने हेतु निविदा क्रमांक 2026_HED_528185_1 Date 08-08-2026 एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28-08-2026 हैं। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रस्तुत कर भाग ले सकते हैं।
निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

डॉ. बी.डी. अहिरवार
प्राचार्य
रा.वि.सि.शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा



राहत भरी बारिश से तापमान में गिरावट

रिमझिम बारिश से भीगा क्षेत्र फसलों को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले 2 सप्ताह से अधिक समय से क्षेत्र के निवासी और किसान जोरदार बारिश का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार एवं शनिवार को जोरदार के स्थान पर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश से धान की खेती करने वाले हजारों किसानों को बड़ी राहत और धान की फसलों को संजीवनी मिल गई है।

लगातार 24 घंटे से अधिक समय से बारिश का मौसम बना रहने से गर्मी उमस गायब होकर हवाओं में ठंडक और तापमान में सुकून देने वाली गिरावट आ गई।

दो दिनों से आसमान में काली घने बादल छाए रहने से सूर्य के दर्शन नहीं हुए रुक-रुक कर रिमझिम बारिश से ऐसा लगा कि सावन का महीना है। सडक़ों पर



कीचड़ और गढ़ों में बारिश का पानी भारा रहने से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं लगातार रिमझिम बारिश से कुछ राहत मिली है परंतु नदी नालों हैंडपंपों और ट्यूब बैलों में पानी की मात्रा कम हो रही है।

भू-जल स्तर नीचे चल जाने से ट्यूब बैल साथ छोड़ रहे हैं। जोरदार झमाझम बारिश ही किसानों और धान की फसलों को बड़ी राहत दिला सकती है जिसका किसान और क्षेत्र के निवासी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

प्रतिदिन निशुल्क भोजन वितरण कर रहे युवा

खरीदी केंद्रों वेयरहाउसों के बाहर सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लगी लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

जुलाई माह में समर्थन मूल्य पर मूंग की नगण्य मात्रा में खरीद हुई। 1 अगस्त से 60 प्रतिशत मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा के बाद एक दर्जन से अधिक खरीदी केंद्र बने। वेयरहाउसों के बाहर प्रमुख सडक़ों के किनारे मूंग से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी लाइन लगी हुई है। लंबी लाइने कम नहीं हो रही। किसानों एवं वाहन चालकों को प्रतिदिन युवाओं की टीम द्वारा पूरी सब्जी के निशुल्क पैकेट वितरण कर बड़ी मद्द की जा रही है।

तौल की धीमी गति से किसान परेशान

इस वर्ष मूंग कटाई के द्वारा



बारिश न होने से सभी किसानों की अच्छी क्वालिटी और बेदाग निकली खरीदी केदो पर मूंग बेचने कॉल कराने किसानों की भीड़ लग रही है। मुंह को सर्वयर द्वारा पास फेल भी किया जा रहा है। मूंग की खरीद ताल में ऊपरी राशि वसूली का खेल भी चर्चाओं का विषय बन रहा है 50 किलो से अधिक मूंगफली की शिकायतें भी हो रही है। जुलाई में खरीदी केंद्र सुने पड़े रहे निचले स्तर पर हम्मालों और तोल कांटों की समुचित व्यवस्था न होने से मूगं तौल की गति धीमी बनी रहने से किसानों में असंतोष का माहौल और केद्रों पर भीड़ उमड रही है।

बारिश से नहीं बचाव

मूंग की तौल वेयर हाउस के भीतर हो रही है। बाहर किसान अपनी बारी आने का इंतजार करते है। बाहर किसानों को बारिश से बचाव सहित अन्य सुविधाएं न होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भोजन की मदद

किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ 24 घंटे सडक़ों पर डेरा डाले हुए हैं। पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत के पुत्र ज्ञानेंद्र राजपूत और उनके साथियों की टीम द्वारा पिछले 5-6 दिनों से खरीदी केद्रों पर बने रहने वाले किसानों को निशुल्क भोजन पैकेट वितरण किए जा रहे हैं।।



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय बैडमिंटन में सिलवानी का दबदबा



सिलवानी। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में रायसेन, बेगमगंज, गैरतगंज, बरेली, उदयपुरा, औबेदुल्लागंज और सिलवानी की टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबलों में अपनी टीम के लिए जीत हासिल करने का प्रयास किया। अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग में सिलवानी की टीम विजेता रही। अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग में भी सिलवानी ने बाजी मारते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में सिलवानी विजेता रहा, जबकि बालिका वर्ग में बरेली की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर रायसेन जिले की टीम का चयन किया, जो आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इस उपलब्धि से खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, प्राचार्य एनपी शिल्पी, संदीप शर्मा, पुनीत समैया, प्रदीप कुशवाह सहित पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक मोहम्मद तारिक ने किया।

जिला भाजपा कार्यकारिणी में बारेलाल बने सदस्य

रायसेन। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बारेलाल सूर्यवंशी को भाजपा की जिला कार्यकारिणी में सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की अनुशंसा एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से दी गई। उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

जिले में अब तक सिर्फ 457 मिलीमीटर बारिश, सामान्य से 213 मिमी कम

धान की सांसें बारिश पर टिकीं, बादल बरसना थमे तो बढ़ी किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

खंड बारिश से आगामी रबी सीजन की फसलें होंगी प्रभावित



खेतों में धान की हरियाली दिखाई देने लगी है, लेकिन किसानों की चिंता कम नहीं हुई है। खरीफ सीजन के सबसे अहम दौर में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने से धान की फसल अब बारिश पर निर्भर हो गई है।

जिले में 1 जून से 8 अगस्त तक औसतन 457.54 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि में सामान्य बारिश का आंकड़ा करीब 846 मिमी है। यानी जिले में सामान्य से 213 मिमी कम बारिश हुई है। पिछले साल भी इसी अवधि तक 838 मिमी बारिश हो चुकी थी। इस तरह इस बार पिछले वर्ष की तुलना में भी बारिश 205 मिमी पीछे है। रायसेन तहसील सर्किल में कई गांवों के खेतों में बनाए गढ़े सूखे यानी काले ही पड़े हैं। कई जगह खेतों में धान रोपाई मजदूरों से करवा ली महंगी खाद कीटनाशक के इंतजाम कर लिए, ऐसे में बारिश दगा दे रही है।

खेतों के ट्यूबवेल जल स्तर खिसकने से हवा देने लगे हैं। झमाझम बारिश नहीं होने की वजह से धान के खेतों में भरा पानी भी आहिस्ता आहिस्ता सूखने की कगार पर है। कई गांवों में धान की रोपाई के बाद अब फसल को पर्याप्त पानी की जरूरत है। कई क्षेत्रों में धान के खेत पानी से लबालब हैं तो कुछ इलाकों में किसान बादलों के बरसने का इंतजार कर रहे हैं। बारिश के असमान वितरण ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। कई तहसीलों में बारिश नहीं होने से खेतों में नमी बनाए रखना चुनौती बन रहा है।

कहीं खेत लबालब, तो कहीं बारिश का बना इंतजार

जिले में बारिश का वितरण भी एक जैसा नहीं रहा।बारिश के साथ कहीं खेतों को भरपूर पानी मिला है। तो कहीं खेत की नमी कम हो रही है।इसके बावजूद जिले के कई इलाकों में किसान अब भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

किसान बोले अभी अच्छी बारिश का है इंतजार...

मोहनियाखेड़ी के किसान विष्णु बघेल, मलखान ठाकुर, सुंड के मलखान सिंह रावत, पुरा के जयंत ठाकुर, मुकुंदी कुशवाह का कहना है कि अभी भी इंद्रदेव से आस बंधी हुई है। अगर झमाझम बारिश हो जाए तो उनकी धान की फसल को नया जीवनदान मिल सकता है। वरना इस साल धान की फसल नुकसान की खेती साबित होगी।

अगस्त में तय होगा फसलों का भविष्य

कृषि विशेषज्ञ डॉ स्वनिल दुबे के अनुसार धान की फसल इस समय बढ़वार के महत्वपूर्ण चरण में है। अगले दो-तीन सप्ताह में अच्छी और नियमित बारिश होती है तो फसल को इसका फायदा मिलेगा। वहीं मानसून की बेरुखी जारी रही तो उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ सकती है। यही वजह है कि अगस्त की बारिश पर किसानों की नजरें टिकी हुई हैं।

इनका कहना है

ट्यूबवेलों हैंडपंप का जल स्तर बजाय बढ़ने के निरंतर खिसक रहा है। अगस्त महीने में भी जलस्तर नहीं बढ़ सका है। वर्तमान में जो रिपोर्ट विभाग को मिली है वह 11 मीटर हैंडपंप और ट्यूबवेलों का जल स्तर गिर चुका है।
- **आरएल तेगवार,** पीएचई विभाग ईई रायसेन।

दीवार के पास बैठे थे मजदूर, दबने से हुआ हादसा

जर्जर मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले की सिलवानी तहसील के बम्होरी क्षेत्र के ग्राम कुंडाली में शुक्रवार देर रात जर्जर मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के पास बैठे 4 लोग मलबे में दब गए। हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्होरी पहुंचाया। यहां डॉक्टर नहीं मिलने पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को सिलवानी रेफर किया।

बम्होरी थाना टीआई प्रीतम सिंह राजपूत से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुंडाली में यह कच्चा मकान चेतराम अहिरवार और दौलतराम अहिरवार का बताया गया है। दोनों कई वर्षों से ग्राम जाम में निवास कर रहे हैं। करीब 20 दिन पहले हुई बारिश के दौरान मकान की एक दीवार गिर गई थी। इसके बावजूद दूसरी दीवार जर्जर खड़ी थी।

ग्रामीणों के अनुसार मकान की एक दीवार करीब 20 दिन पहले ही बारिश के दौरान गिर चुकी थी। दूसरी दीवार भी कमजोर और जर्जर हालत में थी। इसके बावजूद उसे गिराकर भी मलबा हटाया नहीं गया। इसी दीवार के पास बैठने के दौरान चार लोग हादसे का शिकार हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से जर्जर मकानों का सर्वे कराकर ऐसे भवनों को हटाने की मांग की है।

दीवार के पास बैठे थे मजदूर

बीती रात हाकम पिता हरभजन अहिरवार, धनसिंह पिता रामबगस अहिरवार, अशोक पिता देवकरण अहिरवार और सुप्यार पिता मन्नालाल अहिरवार जर्जर दीवार के पास बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक दीवार उनके ऊपर गिर गई। चारों लोग मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौजूद ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया। मलबा हटाकर चारों को बाहर निकाला। गंभीर घायल हाकम अहिरवार उम्र 45 वर्ष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि धनसिंह अहिरवार, अशोक अहिरवार और सुप्यार अहिरवार घायल हो गए।

जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक आज, संगठन विस्तार को लेकर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

नगर में रविवार को भाजपा और कांग्रेस की बैठकों से सियासी हलचल तेज रहेगी। एक ओर पाटनदेव स्थित भगवती मैरिज गार्डन में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। वहीं दूसरी ओर होटल अमोघ में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक आयोजित होगी।

कांग्रेस की बैठक में अल्पसंख्यक विभाग प्रभारी डॉ. एसएम खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक देवेंद्र पटेल सहित पार्टी के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। दोनों दलों की बैठकों को आगामी राजनीतिक गतिविधियों की तैयारियों और संगठनात्मक रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक रविवार को दोपहर 2 बजे होटल अमोघ में आयोजित होगी। बैठक में संगठन को मजबूत करने और अल्पसंख्यक विभाग के विस्तार को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की जाएगी।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता जावेद अहमद खान ने बताया कि बैठक में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रभारी डॉ. एसएम खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान , जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग सह प्रभारी सलीम मदनी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देने और अल्पसंख्यक विभाग की जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सक्रियता बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। पदाधिकारियों से क्षेत्रवार संगठन की स्थिति और आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की जाएगी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता जावेद अहमद खान ने अल्पसंख्यक विभाग से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

कीचड़ से बदहाल अंबाडी-चौकी मार्ग, रोड की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭सलामतपुर

विधायक डॉ. चौधरी ने दिया समाधान का भरोसा

सांची जनपद क्षेत्र के ग्राम अंबाडी में वर्षों से जर्जर और कीचड़ से बदहाल पड़े पुलिस चौकी मार्ग के कायाकल्प की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे को जोड़ने वाले इस बेहद महत्वपूर्ण रास्ते को जल्द से जल्द पक्के सीसी रोड में तब्दील करने की पुरजोर मांग उठाई है।

विधायक को अपनी आपबीती बताते हुए ग्रामीणों ने कहा कि ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में कमल सिंह मीणा, अरुण सेन, महेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने विधायक से कहा कि यह मार्ग सीसी मार्ग बन जाता है, तो बारिश में आवागमन सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने ग्रामीणों की बात को सुना और मार्ग की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आश्वस्त किया है कि वे संबंधित विभाग से चर्चा कर निर्माण कार्य को जल्द ही स्वीकृति दिलाएंगे।

अंबाडी का यह पुराना चौकी मार्ग केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से होकर रोजाना आसपास के करीब 10 से 15 गांवों के छात्र-छात्राएं 'पीएम श्री स्कूल' पढ़ाई करने जाते हैं। मानसून के दौरान यह रास्ता पूरी तरह दलदल और कीचड़ में तब्दील हो जाता है। राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा हर पल बना रहता है। स

दोनों मामले में पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

पानी भरने पर दो गांव में विवाद, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭बेगमगंज

लाठी से की मारपीट

पीएचई विभाग की लापरवाही से बारिश के मौसम में भी कई गांव में जल संकट बना हुआ है। पानी भरने को लेकर आए दिन कहीं ना कहीं विवाद हो रहे हैं, जो मारपीट से थाने तक पहुंच गए। ऐसे दो मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम वीरपुर में शनिवार सुबह 10 बजे एक 35 वर्षीय महिला पुष्पा बाई प्रजापति पति उदयभान हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। पानी भरते समय महिला ने सटक (पाइप) लगाया तो आरोपित रमाकांत चौबे 30 वर्ष ने आकर पानी भरने से मना किया। महिला ने विरोध किया तो वह अभद्र भाषा में बोलते हुए लाठी से महिला पर हमला कर दिया, जिससे महिला घायल हो गई। पुलिस ने रमाकांत चौबे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

दूसरी घटना ग्राम तुलसीपार में घटित हुई मिहीलाल बंसल पिता शिब्बू अपनी दो छोटी बेटियों अंजली एवं पूनम को लेकर हैंडपंप पर पानी भरने गया था और नल पर जब वो पानी भरने लगा, तभी ग्याप्रसाद कुशवाहा अपनी पत्नी नीमा कुशवाहा के साथ पानी भरने पहुंचा और कहने लगा अपने बर्तन हटाओ पहले हम पानी भरेंगे, मिहीलाल ने कहा कि हम पहले से पानी भर रहे हैं तो हमें भर लेने दो। इस पर ग्याप्रसाद ने लाठी से मारपीट शुरू कर दी, तो वह अपनी बच्चियों को लेकर भागकर घर आ गया। ग्याप्रसाद अपनी पत्नी नीमा एवं पुत्री पूजा कुशवाहा के साथ डंडे लेकर आ गए और फिर से झगड़ा करते हुए उसकी पत्नी राजबाई, बेटी अंजली, पूनम के साथ भी मारपीट कर दी जिससे उन्हें चोटे आई है।

पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा

पत्नी से फोन पर बातचीत का शक, भाई के साथ मिल कर दी नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

ग्राम सौजनी में खेत की रखवाली करने वाले जुगल किशोर रघुवंशी की हत्या के मामले में उदयपुरा पुलिस ने चार दिन में अंधे कत्ल का खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में गांव के ही दो सगे भाइयों अरविंद मेहरा (25) और दीपक मेहरा (29) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल फर्सा और लकड़ी की पाटी भी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक मृतक द्वारा अरविंद की पत्नी से बार-बार मोबाइल फोन पर बातचीत किए जाने को लेकर अरविंद को दोनों के बीच संबंध होने का शक था। इसी बात को लेकर घर में पहले भी विवाद होते रहे थे।

पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ की। उनकी निशानदेही पर अरविंद के कब्जे से घटना में इस्तेमाल फर्सा और दीपक के कब्जे से लकड़ी की पाटी बरामद की गई। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

करीब 20 दिन बाद हुई बारिश से खिले किसानों के चेहर

बारिश से धान फसल को मिली संजीवनी, मौसम हुआ सुहाना

हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी



शुक्रवार देर रात से रुक-रुक कर हो रही कभी तेज तो कभी हल्की बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। उमस और गर्मी से परेशान नागरिकों को राहत मिली है। बारिश के कारण बिजली की खपत में भी कमी आई है। करीब 20 दिन बाद बरसे पानी से नागरिकों और किसानों को आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की उम्मीद बंधी है।

शनिवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहने से नगर के बाजार में भी सन्नाटा नजर आया। बारिश के चलते ग्राहकी प्रभावित रही और अधिकांश दुकानों पर अपेक्षाकृत कम लोग पहुंचे। सावन माह के 11 दिन गुजरने के बावजूद अपेक्षित बारिश नहीं होने से किसान चिंतित थे।

बारिश से सोयाबीन और धान की फसल को लाभ होने की संभावना जताई जा रही है। किसान रामलाल कुशवाह, मोहन सिंह, हरिसिंह पटेल, राजेंद्र यादव और गोविंद आदि ने बताया कि लंबे अंतराल के बाद हुई बारिश फसलों के लिए संजीवनी साबित हो सकती है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान के खेतों में रोपे सूखने की कगार पर पहुंच गए थे। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन थे, वे किसी तरह खेतों में पानी पहुंचा रहे थे, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं हो रहा था।

फसलों के लिए झमाझम बारिश की दरकार

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि वर्तमान बारिश से कुछ हद तक राहत तो मिली है, लेकिन फसलों की बेहतर स्थिति के लिए अब लगातार अच्छी बारिश जरूरी है। 8 अगस्त तक सिलवानी क्षेत्र में कुल 373.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 1215.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। इस अंतर को देखते हुए किसान अब जोरदार बारिश की आस लगाए हुए हैं।

जंबू द्वीप पार्क और म्यूजियम का किया भ्रमण, सांची को बताया शांति का अद्भुत केंद्र

ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों ने देखी सांची की बौद्ध विरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन/सांची

ब्रिक्स देशों से भारत आए प्रतिनिधियों और अन्य डेलिगेट्स ने शनिवार दोपहर को जिले के विश्व बौद्ध स्तूप धरोहर स्थल सांची पहुंचकर यहां की समृद्ध बौद्ध विरासत और प्राचीन स्थापत्य कला को करीब से देखा। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ जम्बू द्वीप पार्क और सांची म्यूजियम का भ्रमण किया। इस दौरान प्रदेश के संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी एवं विदिशा विधायक मुकेश टंडन भी मौजूद रहे।

सांची पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा की अगवानी में भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुरूप स्वागत किया गया। प्रतिनिधियों के माथे पर तिलक लगाकर उनका जोरदार तरीके से अभिनंदन किया गया। भारतीय संस्कृति की इस स्वागत परंपरा से विदेशी प्रतिनिधि भी अभिभूत नजर आए।

10 देशों के 42 प्रतिनिधि पहुंचे

ब्रिक्स देशों से आए दल में ब्राजील, चीन, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया और रूस सहित 10 सदस्य देशों के 42 प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रतिनिधियों ने सांची पहुंचकर ऐतिहासिक स्मारकों, बौद्ध संस्कृति और स्थापत्य कला के बारे में जानकारी ली।

सांची स्तूप परिसर और यहां की प्राचीन बौद्ध विरासत विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखती है। इसी विरासत को करीब से समझने के उद्देश्य से प्रतिनिधियों ने विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया।



पर्यटन महत्व को वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान

ब्रिक्स प्रतिनिधियों के सांची आगमन से जिले के पर्यटन महत्व को भी वैश्विक स्तर पर बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सांची पहले से ही देश-विदेश के पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों के दौरे से सांची की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर और मजबूती मिलने का संदेश गया है।

बौद्ध विरासत से हुए रूबरू

भ्रमण के दौरान प्रतिनिधियों को सांची की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, बौद्ध धर्म के प्रसार तथा यहां की स्थापत्य कला की विशेषताओं से परिचित कराया गया। जम्बू द्वीप पार्क और म्यूजियम में प्रतिनिधियों ने भारतीय इतिहास और बौद्ध संस्कृति से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं।

पत्थरों पर जीवंत है बौद्ध संस्कृति की कहानी

बौद्ध स्तूप के तोरण द्वारों पर उकेरी गई बारीक नक्काशी ने ब्रिक्स डेलीगेट्स का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इन शिल्पों में बौद्ध परंपरा, जातक कथाओं, प्रकृति, पशु-पक्षियों तथा तत्कालीन सामाजिक जीवन से जुड़े अनेक दृश्य अंकित है। ब्रिक्स डेलीगेट्स को बताया कि सांची में बौद्ध स्मारकों की स्थापना का संबंध मौर्य सम्राट अशोक के काल से है। सांची को बौद्ध धर्म के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया। विदेशी प्रतिनिधियों ने सांची के इतिहास और यहां की स्थापत्य विरासत को लेकर विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने स्मारकों की तस्वीरें भी लीं और परिसर के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया।

रहमत की बारिश के लिए मांगी दुआ

मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह में अदा की नमाज-ए-इस्तिस्का

हरिभूमि न्यूज ⏭दीवानगंज



सांची विकासखंड के ग्राम दीवानगंज में बारिश के लिए शनिवार सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दीवानगंज ईदगाह परिसर में नमाज-ए-इस्तिस्का अदा की। क्षेत्र में पिछले करीब दो सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में खड़ी फसलों पर संकट गहराता जा रहा है। किसानों की धान की फसल पानी के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गई है। ऐसे में मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह से रहमत की बारिश की दुआ मांगी।

शनिवार सुबह करीब 9 बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग दीवानगंज ईदगाह पहुंचे। यहां सामूहिक रूप से नमाज-ए-इस्तिस्का अदा की गई। नमाज के बाद इमाम ने विशेष दुआ कराते हुए क्षेत्र में अच्छी बारिश, किसानों की फसलों की सलामती और सूखे जैसे हालात से राहत की प्रार्थना की।

इकबाल अहमद, राशिद खान, समीम खान ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं। धान फसल को इस समय पानी की ज्यादा जरूरत है। यदि तीन दिनों में बारिश नहीं होती है तो तीन दिनों तक नमाज-ए-इस्तिस्का अदा कर दुआ की जाएगी।